# चार हजार करोड़ के निवेश को मिलेगी जमीन, बनेंगे स्टील व पीवीसी पाइप

## गीडा : 45 उद्यमियों ने विभिन्न इकाइयां लगाने के लिए मांगी थी जमीन

गोरखपुर। गीडा में जल्द ही 4000 करोड़ के निवेश से 45 नई फैक्टरियां लगेंगी। इनमें स्टील पाइप, प्लास्टिक पाइप, प्लास्टिक रिसाइकिलिंग यूनिट के अलावा बिजली के सामान बनाने, रेडिमेड गारमेंटस से संबंधित इकाइयां शामिल हैं। इसके अलावा गीडा के नजदीक ही एक निजी समूह की तरफ से बनवाया गया रिजार्ट भी जल्द शुरू होगा। इससे सैकड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

रिजार्ट का लोकार्पण और फैक्टरियों के लिए जमीन का आवंटन पत्र सीएम के हाथों देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री की सहमति मिलते ही तारीख की घोषणा हो जाएगी। अगले हफ्ते यह कार्यक्रम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

गीडा में अडानी ग्रुप ने सीमेंट फैक्ट्री के लिए, लोटस सिंगापुर ग्रुप ने बिसलेरी ब्रांड का बॉटलिंग प्लांट लगाने के लिए, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) व आईआईएमटी यूनिवर्सिटी ने शिक्षण संस्थान के लिए, अपोलो ट्यूब्स ने स्टील पाइप फैक्ट्री के लिए और स्टैम्ज टेक ने कोल्ड रोल फार्मिंग सेक्शन, वैगन निर्माण एवं रखरखाव के लिए कुल मिलाकर 128 एकड़ जमीन की मांग कर रखी है। इसके अलावा 50 से अधिक छोटे निवेशकों ने भी अपनी फैक्टरियों के लिए जमीन मांगी थी। बीते जुलाई में इसके लिए आवेदन हुए थे। जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ओपोली ट्यूब्स समेत 45 कंपनियों को गीडा के विभिन्न सेक्टरों में जमीन आवंटित की जा चुकी है।

### सीएम योगी देंगे इन कंपनियों को जमीन आवंटन का प्रमाणपत्र

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में संभावित बड़े निवेश

| निवेशक | प्रोजेक्ट | वांछित भूमि | पूंजी निवेश | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| अडानी ग्रुप | सीमेंट फैक्ट्री | 65 एकड़ | ₹ 1500 करोड़ | 5000 |
| शाही एक्सपोर्ट | रेडीमेड गारमेंट | 26 एकड़ | ₹ 1000 करोड़ | 1800 |
| आईआईएमटी | शिक्षा संस्थान | 4 एकड़ | ₹ 625 करोड़ | 300 |
| अपोलो ट्यूब्स | स्टील पाइप | 17 एकड़ | ₹ 300 करोड़ | 2000 |
| स्टैम्ज टेक | वैगन निर्माण | 6 एकड़ | ₹ 150 करोड़ | 300 |
| लोटस सिंगापुर | बिसलेरी प्लांट | 6 एकड़ | ₹ 100 करोड़ | 500 |
| डीपीएस | शिक्षा संस्थान | 4 एकड़ | ₹ 50 करोड़ | 200 |

### पेप्सिको की यूनिट का अगले महीने होगा उद्घाटन

गीडा में लगी पेप्सिको की फैक्टरी से उत्पादन तो शुरू हो गया है, लेकिन सीएम का समय नहीं मिल पाने के चलते अभी इसका औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ है। करीब 1100 करोड़ की लागत से बनी इस फैक्टरी का शिलान्यास भी पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही किया था। रिकार्ड समय में इससे उत्पादन शुरू हो गया है। यहां तैयार उत्पाद को यूपी-बिहार समेत देश के दूसरे हिस्सों में भी भेजा जा रहा है। इस फैक्टरी का उद्घाटन सितंबर में प्रस्तावित है।